हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
21 अगस्त 2024, समय 1810

- राष्ट्रपति  द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति की चुनौतियों का सामना करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।
- भारतीय  जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी ने  हरियाणा में राज्यसभा के उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने चुनाव घोषणा पत्र के लिए लोगों से सुझाव देने हेतु संकल्प पत्र वैन रवाना की ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि चुनाव के लिए उनकी सीट का निर्णय संसदीय बोर्ड करेगा ।
- हरियाणा और चंडीगढ़ में भारत बंद को समर्थन नहीं मिला, जनजीवन सामान्य रहा ।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और इसके अवसरों का लाभ उठाने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को पूर्व छात्र संघ के योगदान को मजबूत बनाने का भी सुझाव दिया। श्रीमती मुर्मु फरीदाबाद में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के पंचम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने की, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर भी समारोह में मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय में उपाधि प्राप्त कर रहे 13 शोधार्थियों में से आठ छात्राएँ हैं, जो उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में बेटियों की प्रगति का संकेत है। उन्होंने कहा कि उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 43 प्रतिशत बेटियाँ हैं और वे चाहती हैं कि यह अनुपात और बेहतर हो।

........................................................................................

राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय में शुरू किए गए जे.सी. बोस यंग साइंटिस्ट अवार्ड और शोध के लिए सीड मनी जैसी पहलों की सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और उसके लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने की पहल कर रहा है।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी उच्च शिक्षा में हरियाणा की बेटियों की प्रगति और शोध में उनकी बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी स्नातकों से देश को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

देशभर में  पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस परसो 23 अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय "चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा" रखा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-तृतीय मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर को सुरक्षित और सहजता से उतारा गया था। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दस वर्षों में पांच गुना बढ़कर लगभग 44 अरब डॉलर हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया था और लैंडिंग साइट का नाम शिव शक्ति बिंदु रखा गया था। यह दिन छात्रों के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि पैदा करके और उन्हें रोल मॉडल प्रदान करके भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भी समर्पित है।

भारतीय  जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता किरण चौधरी ने आज हरियाणा में राज्यसभा के उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और पार्टी के अन्य नेता उनके साथ मौजूद रहे ।भारतीय जनता पार्टी ने किरण चौधरी को कल राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था।

नामांकन दाखिल करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने श्रीमती किरण चौधरी को सफलता के लिए शुभकामनायें दीं।

उन्होंने कहा कि जोगी राम सिहाग,राम कुमार गौतम,रामनिवास सुरजाखेड़ा,अनूप धानक नयनपाल रावत और गोपाल कांडा सहित कई विधायकों ने उन्हें समर्थन दिया है ।उल्लेखनीय है कि ,दो माह पहले श्रीमती किरण चौधरी कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गयी थीं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 120000 कर्मचारियों की नौकरी पक्का किए जाने के मुद्दे पर आज कहा कि अध्यादेश जारी किया गया है तथा किसी भी कर्मचारी को अगर कोई दिक्कत आएगी तो वह उनकी समस्या का हल किया जाएगा। वह आज पंचकुला में चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक के बाद एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री के चुनाव लड़ने की सीट को लेकर पूछे प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वह किस स्थान से चुनाव लड़ेंगे यह निर्णय संसदीय बोर्ड करेगा।उन्होंने बताया कि आज एक संकल्प पत्र वैन को रवाना किया गया है जो 26 अगस्त तक प्रदेश भर में जनता के बीच गाँव गाँव जा कर उनके सुझाव लेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में लोगों की इच्छाओं के अनुरूप काम किया है। अब 2024 विधानसभा चुनाव का संकल्प पत्र भी जनता के सुझावों के अनुरूप जारी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि संकल्प पत्र के लिए 17 लोगों की समिति बनी है, जो लोगों से बातचीत करेगी कि कैसे उनकी समस्याओं का और बेहतर ढंग से समाधान किया जा सकता है तथा प्राप्त सुझावों को संकल्प पत्र में समाहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो काम सरकार द्वारा किए गए हैं उन्हें भी लोगों के बीच में रखा जाएगा।उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को जब समिति की दोबारा बैठक होगी तो उसमें सारी बातों की समीक्षा की जाएगी।उन्होंने बताया कि सुझाव देने के लिए एक विशेष नंबर दिया गया है तथा वेबसाइट के माध्यम से भी सुझाव दिए जा सकते हैं। इसके इलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी सुझाव दिया जा सकते हैं।

उच्चतम न्यायालय के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर हाल ही के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा भारत बंद के आह्वान को हरियाणा और चंडीगढ़ में समर्थन नहीं मिला।हमारे संवाददाताओं से मिली जानकारी के अनुसार, जींद, रेवाड़ी, अंबाला, सिरसा, रोहतक, पानीपत, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भारत बंद का कोई असर नहीं देखा गया। बाज़ार खुले रहे और सभी प्रकार के वाहन सड़कों पर आम दिनों की तरह चलते रहे। शैक्षणिक संस्थान, सरकारी कार्यालय, बैंक और पेट्रोल पंप भी आम दिनों की तरह खुले रहे। चिकित्सा देखभाल, पेयजल, सार्वजनिक परिवहन एवं रेल सेवा जैसी आवश्यक सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। राज्य सरकार ने भारत बंद के आह्वान के मद्देनज़र कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किए थे।कुरुक्षेत्र से हमारी संवाददाता ने बताया है कि कुरुक्षेत्र में अनुसूचित जाति के लोगों ने रविदास धर्मशाला से लघु सचिवालय तक रोष मार्च निकाला और उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने मतदाताओं से पहली अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य सौहार्दपूर्ण माहौल में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न करवाना और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना पांच सितंबर को जारी की जायेगी। नामांकन पत्र 12 सितंबर तक भरे जा सकेंगे, 13 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 16 सितंबर तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकेंगे। मतगणना चार अक्तूबर को होगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने पहली जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से अपना वोट बनवाने के लिए संबंधित ब्लॉक लेवल अधिकारी से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में नाम न होने पर, फॉर्म- 6 भर कर 2 सितंबर तक वोट बनवाने के लिए संपर्क किया जा सकता है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत-2047 बनने का स्वरूप उद्यमिता एवं कौशल विकास में निहित है। छात्रों को नवाचार एवं उद्यमिता के अवसर प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया गया है जिसके मद्देनजर स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए दो इनक्यूबेशन सेंटर बनाए गए हैं। प्रो. सोमनाथ सचदेवा आज विश्व उद्यमी दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा भारत के लिए निर्माण विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोल रहे थे।कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में शोध को बढ़ावा देते हुए पेंटेट दर्ज करने के लिए इको सिस्टम विकसित किया गया है। अब तक 60 पेटेंट दर्ज किए जा चुके हैं ।उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में उद्यमियों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पेटीएम एक छोटे स्टार्टअप से शुरू होकर शिखर पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा जीवन में सफलता के लिए ज्ञान, कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक है।